बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० ...../2026

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट पर दिनांक 21.11.2026 से दिनांक 26.11.2026 तक अपलोड रहने तथा इस द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में परिलक्षित त्रुटि के संशोधन के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थी, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का प्रथम डमी प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट **https://exam.biharboardonline.org** पर अपलोड करते हुए उसमें परिलक्षित त्रुटि का सुधार करने/कराने हेतु दिनांक 01.11.2026 से 07.11.2026 तक अवधि निर्धारित करते हुए अवसर प्रदान किया गया था।

2. विद्यालय कें प्रधान के द्वारा विद्यार्थियों के डमी प्रवेश–पत्र में परिलक्षित त्रुटि, यदि कोई हो तो, का संशोधन किए जाने के आधार पर ही त्रुटिरहित विवरणों के साथ मूल प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। अतः डमी प्रवेश–पत्र में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो रही हो तो उसका संशोधन कर लिया जाना अनिवार्य है। अतएव छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा सभी विद्यार्थियों का द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट **https://exam.biharboardonline.org** पर अपलोड करते हुए उसमें परिलक्षित त्रुटि का सुधार करने/कराने हेतु **दिनांक 21.11.2026 से दिनांक 26.11.2026** तक अवधि निर्धारित करते हुए अवसर प्रदान किया जाता है।

3. **द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में परिलक्षित तीन प्रकार की त्रुटियाँ यथा–(i) विद्यार्थी का नाम, (ii) माता एवं पिता का नाम तथा (iii) जन्म तिथि में सुधार के लिए संगत साक्ष्य के साथ प्रतिवेदन विद्यालय के प्रधान के द्वारा विद्यालय के लेटर हेड पर पत्रांक, दिनांक अंकित कर हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ समिति के E-mail Id : bseb@antiersolutions.com पर दिनांक 26.11.2026 तक अनिवार्य रूप से भेजा जाएगा। इन तीन प्रकार की त्रुटियों में सुधार के लिए समिति को प्राप्त होने वाले मामलों में समिति स्तर पर विधिवत निर्णय लेते हुए कृत कार्रवाई की सूचना संबंधित विद्यालय के प्रधान को उनके ई–मेल पर दी जाएगी। साथ ही इसका अवलोकन उनके द्वारा समिति के पोर्टल पर किया जा सकता है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी एवं उनके माता/पिता के नाम एवं जन्म तिथि में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

4. इस संबंध में यह भी सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त क़ंडिका–3 में अंकित मामलों के अलावा द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में परिलक्षित अन्य प्रकार की त्रुटियाँ यथा–लिंग, जाति, दिव्यांगता, धर्म, फोटो, हस्ताक्षर, विषय, राष्ट्रीयता, आधार संख्या तथा परीक्षार्थी की कोटि में सुधार विद्यालय के प्रधान द्वारा संगत साक्ष्य के आधार पर समिति के पोर्टल पर जाकर स्वयं किया जा सकता है।

5. स्पष्ट किया जाता है कि उक्त निदेश/प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किए जाने अथवा निर्धारित अवधि **(26.11.2026)** तक विद्यालय के प्रधान का अधियाचित प्रतिवेदन समिति को प्राप्त नहीं होने के कारण यदि किसी विद्यार्थी के डमी प्रवेश–पत्र में त्रुटि रह जाएगी अथवा पायी जाएगी, तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक के साथ–साथ विद्यालय के प्रधान की होगी।

6. विद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड से समिति के उक्त वेबसाइट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे एवं द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में अंकित सभी विवरणों का मिलान करने तथा द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो, तो निर्धारित तिथि तक विद्यार्थियों को त्रुटि का सुधार करा लेने हेतु अनिवार्य रूप से निदेशित करेंगे।

7. यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु Message भेजा जा रहा है, ताकि विद्यार्थी स्वयं भी अपना द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र समिति के उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सके और उसमें कोई त्रुटि हो तो अपने विद्यालय के प्रधान के माध्यम से सुधार करा सकें। **किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता/पिता के नाम एवं जन्म तिथि में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

8. समिति के उक्त वेबसाईट पर जारी द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र विद्यालय प्रधान एवं विद्यार्थियों के द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

➢ **<u>विद्यालय के प्रधान द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया</u>** :–

संबंधित विद्यालय के प्रधान अपने पूर्व से प्राप्त यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **https://exam.biharboardonline.org पर** Login **करेंगे।** लॉग–इन उपरान्त बायें तरफ उपलब्ध **Menu** में **Dummy Admit Card** पर **Click** करने पर विद्यार्थियों की सूची प्रदर्शित होगी। इसके बाद **View** बटन पर **Click** कर **Dummy Admit Card** डाउनलोड किया जा सकता है तथा **Edit** बटन पर **Click** कर **Dummy Admit Card** में सुधार किया जा सकता है।

➢ **<u>परीक्षार्थी द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया</u>** :–

समिति के वेबसाइट **https://exam.biharboardonline.org पर उपलब्ध लिंक "CLICK HERE TO DOWNLOAD DUMMY ADMIT CARD (STUDENT LOGIN)" पर Click** कर परीक्षार्थी पंजीयन संख्या एवं जन्मतिथि का प्रयोग करते हुए अपना Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

9. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने विद्यालय प्रधान से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना द्वितीय डमी प्रवेश पत्र प्राप्त कर अथवा स्वयं डाउनलोड कर उसमें अंकित सभी विवरणों का भली–भाँति मिलान करेंगे। द्वितीय डमी प्रवेश पत्र में यदि किसी विद्यार्थी एवं उनके माता/पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, आधार नंबर, कोटि, लिंग, विषय, जन्म तिथि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे विद्यार्थी अपने द्वितीय डमी प्रवेश पत्र में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने विद्यालय प्रधान को त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **विद्यार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित द्वितीय डमी प्रवेश पत्र के आधार पर संबंधित विद्यालय के प्रधान कंडिका–4 में वर्णित त्रुटियों का ऑनलाइन सुधार दिनांक 26.11.2026 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे तथा कंडिका–3 में वर्णित त्रुटियों के संबंध में उक्त कंडिका में अंकित निदेश के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित विद्यार्थी के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए।** उक्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी विद्यार्थी द्वारा निर्धारित अवधि तक त्रुटि के सुधार हेतु विद्यालय के प्रधान को द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा विद्यालय के प्रधान द्वारा त्रुटि सुधार नहीं किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यालय के प्रधान तथा संबंधित विद्यार्थी एवं उनकें अभिभावक की होगी। **<u>किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता/पिता के नाम एवं जन्म तिथि में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित विद्यार्थी का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए विद्यालय के प्रधान के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।</u>**

10. (i) विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि दृष्टिबाधित विद्यार्थी नियमानुसार गणित विषय के बदले गृह विज्ञान एवं विज्ञान विषय के बदले संगीत विषय की परीक्षा में सम्मिलित होते हैं। यदि किसी दृष्टिबाधित (Visually Impaired/Blind) विद्यार्थी के Dummy Admit Card में विज्ञान एवं गणित विषय अंकित हो, तो वे तद्नुसार विषय सुधार करते हुए अपने हस्ताक्षर के साथ विद्यालय प्रधान को अनिवार्य रूप से हस्तगत् कराना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार किसी सामान्य विद्यार्थी के Dummy Admit Card में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के अनुरूप विज्ञान के स्थान पर संगीत एवं गणित के स्थान पर गृह विज्ञान हो, तो इसे भी अनिवार्य रूप से सुधार करना सुनिश्चित करेंगे।

(ii) यह भी अंकनीय है कि व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत सुरक्षा (Security), ब्यूटिशियन (Beautician), टूरिज्म (Tourism), ऑटोमोबाईल (Automobile), रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), टेलीकॉम (Telecom) एवं आई०टी०/आई०टीज० (IT/ITes) विषयों/ट्रेडों को ऐच्छिक विषय के रूप में पठन–पाठन की व्यवस्था के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा प्रत्येक जिले के कुछ विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। चिन्हित विद्यालयों में इस विषय/ट्रेड के लिए निर्धारित संख्या के अनुसार अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के द्वारा किसी एक विषय/ट्रेड का चयन कर परीक्षा में सम्मिलित होना अत्यंत अनिवार्य है। शेष विद्यालय/विद्यार्थियों के द्वारा व्यावसायिक

विषयों/ट्रेडों का चयन नहीं किया जाना है। चिन्हित विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान चयनित व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत निर्दिष्ट एक विषय/ट्रेड को उनके Second Dummy Admit Card में ऐच्छिक विषय के कॉलम में अंकित किया गया है। यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि हो, तो इसका सुधार करना अत्यंत आवश्यक है।

11. द्वितीय डमी प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं उसमें त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं०– 9430429722 अथवा E-mail Id : bseb@antiersolutions.com पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

20.11.2026 20/11/2026 20.11.26

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

20/11/2026 20/11/26

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)– 573/26-30 – 2311 /पटना, दिनांक : 20 / 11 / 2026

प्रतिलिपि :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. M/S ANTIER SOLUTIONS PVT. LTD. को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि उपर्युक्त के अनुसार डमी प्रवेश पत्र में त्रुटि सुधार हेतु निर्धारित समय तक पोर्टल चालू रखने की सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करेंगे।
3. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी विद्यालयों के प्रधान को द्वितीय डमी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर विद्यार्थियों को हस्तगत कराने एवं उसमें परिलक्षित त्रुटि सुधार हेतु दैनिक वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग एवं अन्य माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाय।
4. (i) उप निदेशक/सिस्टम एनालिस्ट, आई०टी० (मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि एवं विसंगति न हो।

   (ii) विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी विद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए तथा इसकी सूचना विद्यालयों के प्रधान एवं संबंधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

   (iii) यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थी, उनके अभिभावक; मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं अन्य संबंधितों के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति की प्रति समिति के वेबसाईट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।
5. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) तथा निदेशक, आई०टी० को सूचनार्थ प्रेषित।

20.11.26

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

20/11/2026 20/11/26